AMBEDKARNAGAR POLICE

दिनांक 14.03.2026 थाना हंसवर

हत्या के वांछित अभियुक्त को हंसवर पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर **श्री अभिजीत आर. शंकर** के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) **श्री हरेन्द्र कुमार** तथा क्षेत्राधिकारी टाण्डा **श्री शुभम कुमार** के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष हंसवर **श्री अभिनेष कुमार** के नेतृत्व में थाना हंसवर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

थाना हंसवर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या -35/2026 धारा 103(1) बीएनएस (हत्या) से संबंधित वांछित अभियुक्त **रामपाल पुत्र बनवारी राजभर निवासी पृथ्वीपुर थाना हंसवर जनपद अम्बेडकरनगर** को दिनांक **13.03.2026** को समय **21:50 बजे** टाण्डा-हंसवर मार्ग स्थित **रामपुर बेनीपुर स्थलवा मोड़** से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई के पश्चात माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

घटना का संक्षिप्त विवरण : पूछताछ में अभियुक्त रामपाल ने बताया कि दिनांक 11.03.2026 को वह मृतक बहाऊ पुत्र स्व. विदेशी राजभर के ट्यूबवेल पर शराब व चिकन का सेवन कर रहा था। इसी दौरान बहाऊ वहां आ गए और उसे गाली-गलौज करते हुए वहां से जाने के लिए कहा। पूर्व में भी पानी लगाने को लेकर बहाऊ द्वारा अपमानित किए जाने की बात से वह आक्रोशित था। इसी रंजिश में उसने ट्यूबवेल के पास पड़े लकड़ी के डंडे से बहाऊ के सिर व शरीर पर कई वार कर दिए तथा गमछे से गला कस दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

घटना के बाद अभियुक्त ने साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा तथा खून से सनी अपनी टी-शर्ट को पास की झाड़ियों में छिपा दिया और शक से बचने के लिए पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही में भी शामिल होता रहा। पुलिस द्वारा सघन जांच एवं प्रयास के फलस्वरूप उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त :

रामपाल पुत्र बनवारी राजभर निवासी पृथ्वीपुर थाना हंसवर जनपद अम्बेडकरनगर

बरामदगी :

घटना में प्रयुक्त एक अदद लकड़ी का डंडा

घटना के समय पहनी गई खून से सनी टी-शर्ट

आपराधिक इतिहास :

01-मु0अ0सं0 158/2019 धारा 302/201/364/120B भादवि थाना सम्मनपुर जनपद अम्बेडकरनगर

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम :

थानाध्यक्ष हंसवर – श्री अभिनेष कुमार

- उ0नि0 – श्री विकास गौतम
- उ0नि0 – श्री रवि यादव
- का0 – राजा यादव
- का0 – योगेश कुमार
- का0 – कुलदीप सिंह